**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में) उप-मंत्री (कु० शैलजा):** (क) और (ख) 2.3.1994 को आयोजित की गई केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 50वीं बैठक में राज्य सरकारों ने यशपाल समिति की सिफारिशों पर मोटे तौर पर अपनी सहमति जताई। इस प्रकार के दृष्टिकोणों पर मतैक्य की पहचान की गई तथा राज्य सरकारों द्वारा कार्रवाई का जो क्रम अपनाया जाना है उसके बारे में उन्हें सुझाव दिया गया। केन्द्र सरकार के सीधे नियंत्रण में जो स्कूल प्रणाली आती है उसमें इसका कार्यान्वयन केन्द्रीय संगठनों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। चूंकि देश के अधिकांश स्कूल राज्य सरकारों के नियंत्रण में हैं इसलिए इन सिफारिशों का कार्यान्वयन मुख्यत: राज्य सरकारों पर निर्भर है।

### पुस्तकों का प्रकाशन

2508. **प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान भारत में विभिन्न भाषाओं में कुल कितनी पुस्तकें प्रकाशित हुई;

(ख) देश में जनसंख्या के अनुरूप पुस्तकों के प्रकाशन में वृद्धि क्यों नहीं हो रही है; और

(ग) क्या सरकार भारत में प्रकाशन के विकास के लिए सस्ता कागज उपलब्ध कराने और डाक दरों को कम करने पर विचार करेगी?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कु० शैलजा):** (क) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ख) निरक्षरता, निर्धनता, पुस्तकालयों की अपर्याप्त संख्या, पुस्तक विक्रेताओं की कम संख्या तथा प्रकाशकों को पर्याप्त निधियों की अनुपलब्धता आदि कई कारणों की वजह से देश में प्रकाशित पुस्तकों की संख्या, जनसंख्या वृद्धि के अनुसार नहीं बढ़ी है।

(ग) चूंकि कागज तथा कागज के वितरण तथा पेपर बोर्ड पर कोई सांविधिक नियन्त्रण नहीं है अतएव पुस्तक प्रकाशन के लिए कम कीमत पर कागज की आपूर्ति का प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रकाशित सामग्री के संबंध में वर्तमान डाक दरें काफी कम हैं, इन दरों में और कमी करने से सरकार को और अधिक नुकसान होगा।

## विवरण

**पुस्तक सपुर्दगी अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 वर्षों के दौरान, राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता में प्राप्त भाषावार पुस्तकों की संख्या।**

| भाषा | प्राप्त की गई पुस्तकों की संख्या | |
|---|---|---|
| | 1992-93 | 1993-94 |
| असमी | 250 | 263 |
| बंगाली | 1489 | 1588 |
| अंग्रेजी | 8119 | 10895 |
| गुजराती | 435 | 490 |
| हिन्दी | 1514 | 1547 |
| कन्नड़ | 744 | 309 |
| कश्मीरी | 10 | 10 |
| मलयालम | 631 | 646 |
| मराठी | 849 | 828 |
| उड़िया | 178 | 148 |
| पंजाबी | 402 | 273 |
| संस्कृत | 62 | 65 |
| सिंधी | 20 | 8 |
| तमिल | 2341 | 1524 |
| तेलुगु | 727 | 806 |
| उर्दू | 253 | 311 |
| अन्य भाषाएं | 27 | 36 |
| जोड़ : | 18051 | 19647 |

### Performance of Navodaya Vidyalayas in Gujarat

2509. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the aims behind establishing the Navodaya Vidyalayas in the States and whether they have succeeded in achieving the aims;

(b) if not, the reasons therefor;

(c) whether any committee has been constituted to supervise their work and the way

of functioning;

(d) what was the overall performance made by the Navodaya Vidyalayas in Gujarat during the years 1992-93 and 1993-94; and

(e) if not, the measures proposed to be taken by Government in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (KUMARI SELJA): (a) and (b) The Navodaya Vidyalaya scheme has the objective of setting up one Navodaya Vidyalaya in a district to provide good quality education to the talented children predominantly from the rural areas. In these schools at least 75% seats are earmarked for children from rural areas. Reservation for SC/ST is in proportion to their population in the district, subject atleast to nationally prescribed percentage. Attempt is made to enrol about 30% girls. The Navodaya Vidyalaya Samiti is continuously making efforts to realise the aims and objectives of the scheme.

(c) The Council and the Executive Committee constituted in accordance with the Memorandum of Association and Rules of the Navodaya Vidyalaya Samiti supervise the working of the Samiti, including the Navodaya Vidyalayas.

(d) A Statement is annexed (*see* below).

(e) Does not arise.

**Statement**

***OVER-ALL PERFORMANCE OF NAVODAYA VIDYALAYAS IN GUJARAT.***

*Academic Results:*

CLASS X

| Year | No. of JNVs | No. Appeared | No. Passed | Pass %age |
|---|---|---|---|---|
| 1992-93 | 06 | 250 | 242 | 95.8% |
| 1993-94 | 07 | 316 | 297 | 93.98% |

CLASS XII

| Year | No. of JNVs | No. Appeared | No. Passed | Pass %age |
|---|---|---|---|---|
| 1992-93 | 02 | 77 | 50 | 64.9% |
| 1993-94 | 07 | 149 | 89 | 59.73% |

**Primary Schools in the Country**

2510. SHRI O.P. KOHLI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that even today more than 35% of our primary schools do not have Black-Boards after the Operation Black Board was launched in 1987-88; and

(b) if so, the reasons thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (KUMARI SELJA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**महाराष्ट्र के कोंकण जिले के लिए विश्वविद्यालय**

2511. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के प्रत्येक राज्य में चल रहे केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि कुछ राज्यों में दो-दो केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कुछ राज्यों में एक भी नहीं है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार इस असंतुलन को दूर करने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(छ) क्या सरकार महाराष्ट्र के पिछड़े कोंकण क्षेत्र में सागर विकास और मत्स्य पालन से संबंधित कोई विश्वविद्यालय खोलने का विचार रखती है;

(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(झ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?